# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

( बिहारसरकार का उपक्रम )
कॉर्पोरेट पहचान सं0 (CIN)-.U45200BR1974SGC001126
प्रधान कार्यालय–कौटिल्य नगर, बि0वि0स0पु0–5, थाना–हवाई अड्डा थाना, पटना–800014.
प्रमण्डलीय कार्यालय–बिहार पुलिस एकेडमी कार्यालय, छबीलापुर रोड, राजगीर, पिन– 803116.

ई0 मनोज कुमार
कार्यपालक अभियन्ता, राजगीर प्रमंडल।

मोबाईल सं0– 9471006912
ईमेल – eerajpolicenigam@bihar.gov.in
rajgirdivision@yahoo.com
वेबसाईट :– www.bpbcc.bihar.gov.in

पत्रांकः–

दिनांकः–.................................

**कारण पृच्छा नोटिस (अंतिम स्मार)**

आगत शाखा
बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम
जो सं0........1138
दिनांक........10/03/25

सेवा में,

मेसर्स सत्यनारायण सिंह,
एस0बी0आई0 ट्रेनिंग सेन्टर के पीछे,
श्री कृष्णापुरी, देवघर, झारखण्ड, पिन कोड–814112.

विषयः– शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखपुरा पुलिस लाईन में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य के संबंध में। (एकरारनामा संख्या-27SBD/2019-20)

प्रसंगः– अद्योहस्ताक्षरी का पत्रांक–497 दिनांक–10.06.2022, पत्रांक–162 दिनांक–25.02.2023, पत्रांक–782 दिनांक–08.08.2023, पत्रांक–946 दिनांक–21.09.2023, पत्रांक–25 दिनांक–09.01.2024, पत्रांक–537 दिनांक–03.07.2024, पत्रांक–685 दिनांक–10.08.2024, पत्रांक–961 दिनांक–22.10.2024, पत्रांक–1076 दिनांक–13.11.2024, पत्रांक–1122 दिनांक–28.11.2024, पत्रांक–1170 दिनांक–11.12.2024 एवं पत्रांक–1219 दिनांक–26.12.2024 तथा अधीक्षण अभियंता, बि0पु0भ0नि0नि0, कार्य अंचल–01, पटना का पत्रांक–अभि0 5159 दिनांक–30.12.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखपुरा पुलिस लाईन में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 05.09.2019 तथा कार्य समाप्ति की तिथि–04.12.2020 है। आपके अनुरोध पर निगम मुख्यालय द्वारा कार्य की प्रथम समयवृद्धि दिनांक–31.03.2023 तक प्रदान की गई है जिसकी समय सीमा भी लगभग दो वर्ष पहले ही समाप्त हो चुकी है। अद्योहस्ताक्षरी के प्रासंगिक पत्रों द्वारा आपसे अनेकों बार शेष बचे कार्यों को पूर्ण करने हेतु वर्क प्रोग्राम की मांग की गई है परन्तु आपके द्वारा अभी तक वर्क प्रोग्राम कार्यालय में समर्पित नहीं किया गया है तथा कार्य में भी अपेक्षित प्रगति नहीं लाई जा रही है। 300 सिपाही बैरक, 06 यू0एस0 आवास ब्लॉक–01, 02 एवं 03 तथा गैरेज एवं वाशिंग प्लेटफार्म का निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष से अधिक समय से बंद है। वाच टावर, मेन गेट आंतरिक पथ तथा परिसर विकास का कार्य तो प्रारंभ भी नही किया गया है। अन्य भवनों की प्रगति भी काफी धीमी है। ऐसा प्रतीत होता है कि आपको कार्य पूर्ण करने में अब कोई रूचि नही रह गई है।

स्थल निरीक्षण के कम में वरीय पदाधिकारियों द्वारा भी कार्य में मजदूरों की संख्या बढ़ाने एवं भवनवार नया वर्क प्रोग्राम समर्पित करते हुए माह जून 2025 तक किसी भी हालत में भवन के सभी अवयवों का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश के बावजूद अभी तक आपके द्वारा कार्य स्थल पर मजदूरों की समुचित संख्या नहीं बढ़ाई गई है तथा वर्क प्रोग्राम भी नहीं समर्पित किया गया है। आपको ज्ञात हो कि यह सरकार की एक अति महत्वकांक्षी परियोजना है जिसे शीघ्रता शीघ्र पूर्ण किया जाना अति आवश्यक है। आपके द्वारा अनेकों बार कार्य में तेजी लाने का आश्वासन दिया गया परन्तु उसका अनुपालन नहीं किया गया। स्पष्ट है कि आप कार्य को पूर्ण करने के प्रति गंभीर नहीं है।

कृ0पृ0उ0

अतः उपरोक्त के आलोक में विषयक कार्य (Agreement No.-27SBD/20-21) पूर्ण होने तक आपको डिबार किया जाता है एवं कारण पृच्छा की जाती है कि विषयक कार्य के एस0बी0डी0 एकरारनामा के Clause Of Contract के Clause 3 एवं Clause 14 की सुसंगत उपकंडिका के तहत उचित कार्रवाई करते हुए क्यों नहीं एकरारनामा रद्द कर अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर लिया जाय तथा आपके Risk & Cost पर शेष बचे कार्य को पूर्ण कराने हेतु अग्रतर कार्रवाई की जाय ? इस संबंध में इस कार्यालय के पत्रांक–1170 दिनांक–11.12.2024 तथा पत्रांक–1219 दिनांक–26.12.2024 द्वारा सात दिनों के अंदर कारण पृच्छा का जवाब समर्पित करने हेतु कहा गया था परन्तु आपके द्वारा आज तक उक्त के संबंध में जवाब इस कार्यालय में समर्पित नहीं किया गया है। अतः अंतिम कारण पृच्छा नोटिस के माध्यम से पुनः स्मारित किया जाता है कि सात दिनों के अंदर कारण पृच्छा का जवाब समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें। यदि सात दिनों के अंदर 300 सिपाही बैरक, 06 एल0एस0 आवास ब्लॉक–01, 02, 03, तलाब तरफ का चहारदीवारी तथा गैरेज एवं वाशिंग प्लेटफार्म का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ नहीं किया जाता है, कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाई जाती है तथा कारण पृच्छा का जवाब समर्पित नहीं किया जाता है तो यह माना जायेगा कि आपको उक्त विषय में कुछ नहीं कहना है एवं निगम द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिया जायेगा। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

विश्वासभाजन

ह0/–

कार्यपालक अभियंता
राजगीर प्रमण्डल, राजगीर।

ज्ञापांकः– दिनांकः–

प्रतिलिपिः–सहायक अभियंता, अवर प्रमण्डल, लखीसराय/कनीय अभियंता, शेखपुरा, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

कार्यपालक अभियंता
राजगीर प्रमण्डल, राजगीर।

ज्ञापांकः– दिनांकः–

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, मुख्यालय पटना को सूचनार्थ सादर समर्पित।

ह0/

कार्यपालक अभियंता
राजगीर प्रमण्डल, राजगीर।

ज्ञापांकः– 248 दिनांकः– 06/03/2025

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, मुख्यालय पटना को सूचनार्थ सादर समर्पित।

06/03/2025

कार्यपालक अभियंता
राजगीर प्रमण्डल, राजगीर।